भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3835
दिनांक 11 अगस्त, 2026 / 20 श्रावण, 1948 (शक) को उत्तर के लिए

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के लिए प्रशिक्षण संस्थान

3835. श्री उज्जवल रमण सिंह:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश सहित देश में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के लिए स्थापित किए गए प्रशिक्षण संस्थानों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या सीएपीएफ प्रशिक्षण केंद्रों का कोई विस्तार, आधुनिकीकरण अथवा उन्नयन किया गया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या देश में, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में, कोई नए सीएपीएफ प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री नित्यानंद राय)

(क): देश में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के कुल 83 प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किए गए हैं।

(ख) और (ग): प्रशिक्षण संस्थानों का विस्तार, आधुनिकीकरण तथा उन्नयन आवश्यकता के हिसाब से किया जाता है। इसके अलावा, सीएपीएफ में प्रशिक्षण देने के लिए मोटर वाहन, टेक्निकल गैजेट्स की खरीद और कुशल जनशक्ति के सृजन करने का कार्य समय-समय पर किया जाता रहा है।

(घ): छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सेंट्रल जंगल वारफेयर कॉलेज (CRPF) तथा बिहार के किशनगंज जिले में रीजनल ट्रेनिंग सेंटर (CISF) की स्थापना करने का निर्णय लिया गया है।

*****